**101.** If in the given figure PS||QR, then the value of $\angle QPS$ is :




(A) 36° (B) 90°

(C) 54° (D) 100°

यदि दिये गये चित्र में PS||QR हो, तो $\angle QPS$ का मान है :




(A) 36° (B) 90°

(C) 54° (D) 100°

**102.** The sum of all the interior angles of a pentagon is :

(A) 360° (B) 500°

(C) 450° (D) 540°

पंचभुज के सभी अंत: कोणों का योग है :

(A) 360° (B) 500°

(C) 450° (D) 540°

**103.** The radius of a circle is 6 cm and P is any point which is 10 cm away from the centre. The length of the tangent drawn from P to the circle will be

(A) 6 cm (B) 12 cm

(C) 8 cm (D) 10 cm

एक वृत्त की त्रिज्या 6 सेमी है तथा P कोई बिन्दु है जो केन्द्र से 10 सेमी दूर है। P से वृत्त पर खींची गई स्पर्शरेखा की लम्बाई होगी :

(A) 6 सेमी (B) 12 सेमी

(C) 8 सेमी (D) 10 सेमी

**104.** In a right-angled triangle, if its sides are 15 cm and 8 cm perpendicular to each other, then its perimeter will be

(A) 40 cm (B) 38 cm

(C) 46 cm (D) 50 cm

एक समकोण त्रिभुज में, यदि इसकी भुजाएँ 15 सेंटीमीटर और 8 सेंटीमीटर एक दूसरे के लंबवत् हों, तो इसका परिमाप होगा :

(A) 40 सेमी (B) 38 सेमी

(C) 46 सेमी (D) 50 सेमी

**105.** The arithmetic mean of 1, 2, 3, 4, …. n numbers will be :

(A) $\frac{n}{2} + 1$ (B) $\frac{n+1}{2}$

(C) $\frac{n}{2}$ (D) $\frac{n-1}{2}$

1, 2, 3, 4, …. n संख्याओं का समान्तर माध्य होगा :

(A) $\frac{n}{2} + 1$ (B) $\frac{n+1}{2}$

(C) $\frac{n}{2}$ (D) $\frac{n-1}{2}$

**106.** The difference between the upper limit and the lower limit of a class is called :

(A) Frequency (B) Mode

(C) Class size (D) None of these

किसी वर्ग की ऊपरी सीमा तथा निम्न सीमा का अन्तर कहलाता है :

(A) बारम्बारता (B) बहुलक

(C) वर्ग माप (D) इनमें से कोई नहीं

**107.** The co-ordinates of the origin are :

(A) (1, 1) (B) (–1, 0)

(C) (–1, –1) (D) (0, 0)

मूल बिन्दु के निर्देशांक हैं :

(A) (1, 1) (B) (–1, 0)

(C) (–1, –1) (D) (0, 0)

**108.** If a dice is thrown once, then the probability of getting a number greater than 6 is :

(A) 0 (B) $\frac{1}{6}$

(C) 1 (D) $\frac{2}{6}$

यदि एक पासा एक बार उछाला जाता है, तो 6 से बड़ी संख्या आने की प्रायिकता है :

(A) 0 (B) $\frac{1}{6}$

(C) 1 (D) $\frac{2}{6}$

**109.** Which of the following statements is not related to the nature of Mathematics ?

(A) Mathematics is study of numbers, places, measurements, etc.
(B) Mathematics has its own language terms, concepts, formulas, etc.
(C) The knowledge of Mathematics is not logical.
(D) The knowledge of Mathematics is the same in the whole world.

निम्न में कौन सा कथन गणित की प्रकृति से संबंधित नहीं है ?

(A) गणित में संख्याओं, स्थानों, मापनों आदि का अध्ययन किया जाता है ।
(B) गणित की अपनी भाषा पद, प्रत्यय, सूत्र आदि होते हैं ।
(C) गणित का ज्ञान तार्किक नहीं होता है ।
(D) गणित का ज्ञान समस्त जगत में समान रूप का होता है ।

**110.** "Mathematics is the language in which God has written the Universe." This statement is told by

(A) Galileo (B) Locke
(C) Bertrand Russell (D) Lindsay

"गणित वह भाषा है जिसमें परमेश्वर ने सम्पूर्ण जगत या ब्रह्माण्ड को लिख दिया है ।" यह कथन किसने कहा ?

(A) गैलीलियो (B) लॉक
(C) बर्ट्रेण्ड रसल (D) लिन्डसे

**111.** According to Napoleon – "The progress and the improvement of Mathematics are linked to prosperity of the state."
This statement corresponds to which value of Mathematics ?

(A) Disciplinary value (B) Social value
(C) Aesthetic value (D) International value

नेपोलियन के अनुसार – "गणित की उन्नति तथा वृद्धि देश की सम्पन्नता से संबंधित है ।" यह कथन गणित के किस मूल्य से संबंधित है ?

(A) अनुशासनात्मक मूल्य (B) सामाजिक मूल्य
(C) सौन्दर्यात्मक मूल्य (D) अन्तर्राष्ट्रीय मूल्य

**112.** The author of the book "GANITA SAR SANGRAH' is :

(A) Aryabhatta (B) Shri Dharacharya

(C) Pythagoras (D) Mahaveeracharya

'गणित सार संग्रह' नामक पुस्तक के लेखक हैं :

(A) आर्यभट्ट (B) श्री धराचार्य

(C) पाइथागोरस (D) महावीराचार्य

**113.** In which method by moving from 'Particular to General', we generate formulas in Mathematics ?

(A) Deductive Method (B) Lecture Method

(C) Inductive Method (D) Project Method

किस विधि में 'विशिष्ट से सामान्य' की ओर जाते हुए हम गणित में सूत्रों की रचना करते हैं ?

(A) निगमन विधि (B) व्याख्यान विधि

(C) आगमन विधि (D) योजना विधि

**114.** The knowledge of which of the following is most helpful in painting ?

(A) Geometry (B) Statistics

(C) Arithmetic (D) Function

निम्नलिखित में से किसका ज्ञान चित्रकला में सर्वाधिक सहायक है ?

(A) रेखागणित (B) सांख्यिकी

(C) अंकगणित (D) फलन

**115.** Which of the following is not an evaluation method ?

(A) Interview (B) Preparation

(C) Questionnaire (D) Check-list

निम्नलिखित में से कौन सी एक मूल्यांकन प्रविधि नहीं है ?

(A) साक्षात्कार (B) तैयारी

(C) प्रश्नावली (D) चैक-लिस्ट

**116.** The evaluation process is related to :

(A) Educational objectives (B) Evaluation method

(C) Learning experience (D) All of these

मूल्यांकन प्रक्रिया संबंधित होती है :

(A) शिक्षण उद्देश्यों से (B) मूल्यांकन प्रविधि से

(C) अधिगम अनुभव से (D) इन सभी से

**117.** The purpose of diagnostic testing is :

(A) To guide learning methods.

(B) Classification of students according to difficulty level.

(C) Detecting lack of achievement in particular subject.

(D) All of these.

निदानात्मक परीक्षण का उद्देश्य है :

(A) अध्ययन पद्धतियों का दिशा–निर्देश करना ।

(B) कठिनाई स्तर के आधार पर छात्रों का वर्गीकरण करना ।

(C) विषय विशेष में उपलब्धि की कमी का पता लगाना ।

(D) ये सभी ।

**118.** Which method follows the principle of a process of combining different statements or parts to get something new ?

(A) Lecture method (B) Heuristic method

(C) Analytic method (D) Synthetic method

किस विधि में कुछ नया प्राप्त करने के लिये विभिन्न कथनों या भागों के संयोजन की प्रक्रिया के सिद्धान्त की पालना होती है ?

(A) व्याख्यान विधि (B) ह्यूरिस्टिक विधि

(C) विश्लेषण विधि (D) संश्लेषण विधि

**119.** If $(\sqrt{3})^5 \times 9^2 = 3^x \times 3\sqrt{3}$, then the value of $x$ is :

(A) 4 (B) 5

(C) 6 (D) 7

यदि $(\sqrt{3})^5 \times 9^2 = 3^x \times 3\sqrt{3}$ हो, तो $x$ का मान है :

(A) 4 (B) 5

(C) 6 (D) 7

**120.** If $\left(x - \frac{1}{x}\right) = 8$, then the value of $\left(x^2 + \frac{1}{x^2}\right)$ is :

(A) 64 (B) 68

(C) 66 (D) 4354

यदि $\left(x - \frac{1}{x}\right) = 8$ हो, तो $\left(x^2 + \frac{1}{x^2}\right)$ का मान है :

(A) 64 (B) 68

(C) 66 (D) 4354

**121.** The value of $x$ in the given diagram is :




(A) 15° (B) 30°
(C) 90° (D) 60°

दिये गये चित्र में $x$ का मान होगा :




(A) 15° (B) 30°
(C) 90° (D) 60°

**122.** The frequency of a sound source is 50 Hz. In 2 s number of vibrations will be :

(A) 25 (B) 50
(C) 100 (D) 200

किसी ध्वनि स्रोत की आवृत्ति 50 Hz है। इसके 2 s में कम्पनों की संख्या होगी :

(A) 25 (B) 50
(C) 100 (D) 200

**123.** LED emits Light :

(A) Only green colour (B) Only red colour
(C) Only yellow colour (D) All of these

LED प्रकाश उत्सर्जित करता है :

(A) केवल हरा रंग (B) केवल लाल रंग
(C) केवल पीला रंग (D) ये सभी

**124.** Which of the following is not a member of the solar system ?

(A) An asteroid (B) Meteors
(C) A satellite (D) A comet

निम्नलिखित में से कौन सौर परिवार का सदस्य नहीं है ?

(A) क्षुदग्रह (B) उल्काएँ
(C) उपग्रह (D) धूमकेतु

**125.** Laboratory method is based on which principle ?
(A) Learning by seeing (B) Learning by doing
(C) Learning by rote (D) All of these
प्रयोगशाला विधि किस सिद्धान्त पर आधारित है ?
(A) देखकर सीखना (B) करके सीखना
(C) रटकर सीखना (D) इन सभी

**126.** Synthetic fibre among the following is :
(A) Nylon (B) Cotton
(C) Wool (D) Silk
निम्नलिखित में से संश्लेषित रेशा है :
(A) नाइलोन (B) कपास
(C) ऊन (D) रेशम

**127.** The symbol of potassium element is :
(A) P (B) Po
(C) Pt (D) K
पोटैशियम तत्त्व का प्रतीक है :
(A) P (B) Po
(C) Pt (D) K

**128.** Chemical formula of aluminium nitrate is :
(A) $Al\,NO_3$ (B) $Al\,(NO_3)_3$
(C) $Al_3(NO_3)_2$ (D) $Al_2(NO_3)_3$
ऐलुमिनियम नाइट्रेट का रासायनिक सूत्र है :
(A) $Al\,NO_3$ (B) $Al\,(NO_3)_3$
(C) $Al_3(NO_3)_2$ (D) $Al_2(NO_3)_3$

**129.** Which of the following mixture can be separated by the winnowing method ?
(A) Mixture of grain and husk
(B) Mixture of grain and pebbles
(C) Mixture of wet sand and pebbles
(D) Mixture of sand and water
निम्नलिखित में से कौन सा मिश्रण निष्पावन विधि द्वारा पृथक् किया जा सकता है ?
(A) अन्नकण तथा भूसे का मिश्रण (B) अन्नकण तथा कंकड़ का मिश्रण
(C) गीली मिट्टी तथा कंकड़ का मिश्रण (D) मिट्टी तथा पानी का मिश्रण

**130.** Synthetic indicator among the following is :
(A) Litmus (B) Turmeric
(C) China rose petals (D) Phenolphthalein
निम्नलिखित में से संश्लेषित सूचक है :
(A) लिटमस (B) हल्दी
(C) गुड़हल की पंखुड़ियाँ (D) फीनॉलफ्थेलिन

**131.** The pair of green-house gases is :
(A) $O_2, CO_2$ (B) $CO_2, N_2O$
(C) $N_2, CH_4$ (D) $O_2, H_2O$
हरित–गृह गैसों का युग्म है :
(A) $O_2, CO_2$ (B) $CO_2, N_2O$
(C) $N_2, CH_4$ (D) $O_2, H_2O$

**132.** Audio-visual teaching aid among the following is :
(A) Radio (B) Chart
(C) Television (D) Blackboard
निम्नलिखित में से श्रव्य–दृश्य शिक्षण साधन है :
(A) रेडियो (B) चार्ट
(C) दूरदर्शन (D) श्यामपट्ट

**133.** Which bacteria is found in roots of leguminous plants as symbionts ?
(A) Rhizobium (B) Bacillus
(C) E.coli (D) Achromobacter
लेग्युमिनॉस पौधों की जड़ों में कौन सा जीवाणु सहजीवी के रूप में पाया जाता है ?
(A) राइजोबियम (B) बैसिलस
(C) ई.कोलाई (D) एक्रोमोबैक्टर

**134.** Which edible part is modification of stem ?
(A) Turnip (B) Carrot
(C) Sweet Potato (D) Potato
निम्न में से कौन सा भोज्य पदार्थ तने का रूपान्तरण है ?
(A) शलजम (B) गाजर
(C) शकरकन्द (D) आलू

**135.** Which of the following is a simple tissue ?
(A) Xylem (B) Phloem
(C) Sclerenchyma (D) None of these
निम्न में से एक सरल ऊतक है :
(A) जाइलम (B) फ्लोएम
(C) स्केलेरेनकाइमा (D) इनमें से कोई नहीं

**136.** Which of the following is not an air pollutant ?
(A) Carbon mono-oxide (B) Nitrogen oxide
(C) Methane (D) Oxygen
निम्न में से कौन वायु प्रदूषक नहीं है ?
(A) कार्बन मोनो–ऑक्साइड (B) नाइट्रोजन ऑक्साइड
(C) मेथैन (D) ऑक्सीजन

**137.** Sacred groves are found in
(A) Khasi and Jaintia hills of Meghalaya
(B) Aravalli hills of Rajasthan
(C) Western ghats of Maharashtra
(D) All of these
पवित्र उपवन पाए जाते हैं
(A) मेघालय की खासी व जयन्तिया पहाड़ियों में
(B) राजस्थान की अरावली पर्वत शृंखला में
(C) महाराष्ट्र के पश्चिमी घाट में
(D) इन सभी

**138.** Which bacterium causes pleurisy disease in human ?
(A) Mycobacterium tuberculosis
(B) Corynebacterium diphtheriae
(C) Mycobacterium leprae
(D) Neisseria gonorrhoeae
कौन से जीवाणु से मानव में प्लूरीसी रोग होता है ?
(A) माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरक्यूलोसिस
(B) कोरीनेबैक्टीरियम डिफ्थेरीयाई
(C) माइकोबैक्टीरियम लेपरी
(D) नीस्सेरिया गोनेरियाई

**139.** Which type of sebaceous glands present in human skin ?
(A) Apocrine (B) Merocrine
(C) Holocrine (D) Eccrine
मानव त्वचा की तैलीय ग्रंथियाँ कौन से प्रकार की होती हैं ?
(A) एपोक्राइन (B) मीरोक्राइन
(C) होलोक्राइन (D) एक्राइन

**140.** Disease caused by deficiency of Vitamin A is :
(A) Night-blindness (B) Beri-Beri
(C) Scurvy (D) Rickets
विटामिन ए (A) की कमी से होने वाला रोग है :
(A) रतौंधी (B) बेरी–बेरी
(C) स्कर्वी (D) रिकेट्स

**141.** In which phase of cell cycle, synthesis of histone protein occurs ?
(A) $G_1$-Phase (B) S-Phase
(C) $G_2$-Phase (D) M-Phase
कोशिका चक्र की कौन सी प्रावस्था में हिस्टोन प्रोटीन का संश्लेषण होता है ?
(A) $G_1$-प्रावस्था (B) S-प्रावस्था
(C) $G_2$-प्रावस्था (D) M-प्रावस्था

**142.** When was the Family Planning (Family Welfare) Programme started in India ?
(A) 1947 (B) 1951
(C) 1958 (D) 1960
भारत में परिवार नियोजन (परिवार कल्याण) कार्यक्रम की शुरुआत कब हुई थी ?
(A) 1947 (B) 1951
(C) 1958 (D) 1960

**143.** Which of the following hormone supports pregnancy ?
(A) Insulin (B) Adrenaline
(C) Melatonin (D) Progesterone
निम्नलिखित में से कौन सा हार्मोन प्रसवता में सहायक है ?
(A) इंसुलिन (B) एड्रिनलीन
(C) मेलेटोनिन (D) प्रोजेस्टेरॉन

**144.** Which of the following is not an example of Kharif crop ?
(A) Cotton (B) Soyabean
(C) Maize (D) Pea
निम्नलिखित में से कौन सा खरीफ़ की फसल का उदाहरण नहीं है ?
(A) कपास (B) सोयाबीन
(C) मक्का (D) मटर

**145.** Which of the following is not a scientific teaching method ?
(A) Anecdote method (B) Evaluation method
(C) Psychophysical method (D) Questionnaire method
निम्नलिखित में से कौन सी एक वैज्ञानिक शिक्षण विधि नहीं है ?
(A) कहानी विधि (B) मूल्यांकन विधि
(C) मनोदैहिक विधि (D) प्रश्नावली विधि

**146.** The main objective (aim) of evaluation is :
(A) Removal of students errors.
(B) Measurement of students achievement.
(C) Give promotion of students.
(D) Diagnosis and treatment of learning deficits.
मूल्यांकन का मुख्य उद्देश्य है :
(A) शिक्षार्थियों की त्रुटियाँ निकालना ।
(B) शिक्षार्थियों की उपलब्धि को मापना ।
(C) शिक्षार्थियों को प्रोन्नति प्रदान करना ।
(D) सीखने की कमी का निदान एवं उपचार करना ।

**147.** Which teaching aid is not included in the audio-visual equipment ?
(A) Movie (B) Television
(C) Laptop (D) Epidiascope
कौन सी शिक्षण-सहायक सामग्री, श्रव्य-दृश्य उपकरण में सम्मिलित नहीं है ?
(A) चलचित्र (B) टेलीविज़न
(C) लैपटॉप (D) चित्र-विस्तारक

**148.** Correct decreasing order of friction forces is :

(A) rolling, static, sliding
(B) rolling, sliding, static
(C) static, rolling, sliding
(D) static, sliding, rolling

घर्षण बलों का सही घटता क्रम है :

(A) लोटनिक, स्थैतिक, सर्पी
(B) लोटनिक, सर्पी, स्थैतिक
(C) स्थैतिक, लोटनिक, सर्पी
(D) स्थैतिक, सर्पी, लोटनिक

**149.** An object is moving on a circle of radius R. When it completes half circle, then the distance and displacement travelled by it will be :

(A) $\pi R, R$
(B) $2\pi R, R$
(C) $\pi R, 2R$
(D) $2\pi R, 2R$

एक वस्तु R त्रिज्या के वृत्त पर गतिमान है । जब यह अर्द्धवृत्त पूरा करती है, तो इसके द्वारा तय की गई दूरी व विस्थापन होगा :

(A) $\pi R, R$
(B) $2\pi R, R$
(C) $\pi R, 2R$
(D) $2\pi R, 2R$

**150.** A wooden spoon is dipped in a cup of ice-cream. Its other end

(A) becomes cold by the process of radiation.
(B) becomes cold by the process of convection.
(C) becomes cold by the process of conduction.
(D) does not become cold.

लकड़ी की एक चम्मच को आइसक्रीम के प्याले में डुबोया जाता है । इसका दूसरा सिरा

(A) विकिरण की प्रक्रिया के कारण ठंडा हो जाएगा ।
(B) संवहन की प्रक्रिया के कारण ठंडा हो जाएगा ।
(C) चालन की प्रक्रिया के कारण ठंडा हो जाएगा ।
(D) ठंडा नहीं होगा ।

## SECTION-IV(b) / खण्ड – IV(b)

## SOCIAL STUDIES / सामाजिक अध्ययन

There are **60** questions in all in this section. The candidates who have selected this subject must answer all the questions.

इस खण्ड में कुल **60** प्रश्न हैं । जिन अभ्यर्थियों ने इस विषय का चयन किया है उन्हें सभी प्रश्न करना अनिवार्य है ।

**91.** Which Buddhist text contains a dialogue between, a king named Avantiputra and a disciple of the Buddha named Kachchana ?

(A) Deegh Nikaya (B) Khuddak Nikaya

(C) Majjhima Nikaya (D) Anguttar Nikaya

एक राजा अवन्तिपुत्र और बुद्ध के अनुयायी कच्चन के बीच संवाद कौन से बौद्ध ग्रंथ में है ?

(A) दीघ निकाय (B) खुद्दक निकाय

(C) मज्झिम निकाय (D) अंगुतर निकाय

**92.** Which Buddhist text contained a set of rules and regulations for those who joined the sangha or monastic order ?

(A) Vinaya Pitaka (B) Sutta Pitaka

(C) Abhidhamma Pitaka (D) Jataka

कौन से बौद्ध ग्रंथ में बौद्ध संघ या मठों में रहने वाले लोगों के लिए नियमों का संग्रह था ?

(A) विनय पिटक (B) सुत्त पिटक

(C) अभिधम्म पिटक (D) जातक

**93.** Which is included in the six school (Shaddarshan) of Indian Philosophy ?

(A) Satyaarth Prakash (B) Vaishesika

(C) Mahabharata (D) Upanishad

भारतीय दर्शन की छः पद्धति (षड्दर्शन) में कौन शामिल है ?

(A) सत्यार्थ प्रकाश (B) वैशेषिक

(C) महाभारत (D) उपनिषद्

**94.** Who came to India during the Mauryan period as the ambassador of the Greek ruler of West Asia named Seleucus Nicator ?

(A) Fahien (B) Xuan Zang

(C) Itsing (D) Magasthenes

पश्चिम एशिया के यूनानी शासक सेल्यूकस निकेटर के राजदूत के रूप में मौर्यकाल में भारत कौन आया ?

(A) फाह्यान (B) श्वैन त्सांग

(C) इत्सिंग (D) मैगस्थनीज

**95.** State the complete true statements about Arikamedu.
(I) It is located in Puducherry.
(II) Arikamedu was a Coastal settlement.
(III) Other finds include pottery such as amphorae.
(IV) Items related to the Greek Empire have been found here.
(V) The kings here were Chera Dynasty at that time.
(A) I, II, III (B) III, IV, V
(C) IV, V, I (D) V, IV, I

अरिकामेडु के विषय में पूर्ण सत्य कथन बताइए ।
(I) यह पुडुचेरी में स्थित था ।
(II) अरिकामेडु महत्त्वपूर्ण पत्तन था ।
(III) यहाँ एंफोरा जैसे पात्र मिले हैं ।
(IV) यहाँ पर यूनानी साम्राज्य से संबंधित वस्तुएँ मिली हैं ।
(V) यहाँ के राजा चेर वंशी थे ।
(A) I, II, III (B) III, IV, V
(C) IV, V, I (D) V, IV, I

**96.** The Chinese Pilgrim 'Xuan Zang' lived in the court of which King ?
(A) Chandragupta (B) Samudragupta
(C) Harsha (D) Kanishka

चीनी तीर्थयात्री "श्वैन त्सांग" किस राजा के दरबार में रहे थे ?
(A) चन्द्रगुप्त (B) समुद्रगुप्त
(C) हर्ष (D) कनिष्क

**97.** In which play we find an interesting description of the plight of a poor fisherman in Gupta period ?
(A) Harshcharit (B) Abhigyan Shakuntalam
(C) Mudrarakshasa (D) Mrichhakatikam

कौन से नाटक में गुप्त काल में एक गरीब मछुआरे के साथ राजकर्मचारियों के दुर्व्यवहार की बात कही हुई है ?
(A) हर्षचरित (B) अभिज्ञान शाकुंतलम्
(C) मुद्राराक्षस (D) मृच्छकटिकम

**98.** Where is the temple of "Bhitargaon" situated ?
(A) Uttar Pradesh (B) Bihar
(C) Orissa (D) Bengal

"भितरगाँव" का मंदिर कहाँ पर स्थित है ?
(A) उत्तर प्रदेश (B) बिहार
(C) उड़ीसा (D) बंगाल

**99.** By what name are the teachings of Shankardeva who was the main propagator of Vaishnavism, addressed in the late fifteenth century ?
(A) Vallabh Dharma (B) Krishna Dharma
(C) Guru Sandesh (D) Bhagavati Dharma

पन्द्रहवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में शंकरदेव, जो वैष्णव धर्म के मुख्य प्रचारक थे, के उपदेशों को किस नाम से संबोधित किया जाता है ?
(A) वल्लभ धर्म (B) कृष्ण धर्म
(C) गुरु संदेश (D) भगवती धर्म

**100.** What was Khud-kashta and Pahi-kashta in Mughal period ?

(A) Types of Revenue (B) Types of Crops
(C) Types of Administration (D) Types of Farmers

मुगलकाल में खुदकाश्त व पाहिकाश्त क्या थे ?

(A) राजस्व के प्रकार (B) फसलों के प्रकार
(C) प्रशासन के प्रकार (D) किसानों के प्रकार

**101.** What was the relation of "Manzil-abadi", "Sipah-abadi" and "Mulk-abadi" during the Mughal period ?

(A) Part of Book (B) Portion of the Population
(C) Part of Revenue (D) Part of Administration

मुगलकाल में "मंजिल-आबादी", "सिपह-आबादी" व "मुल्क-आबादी" का संबंध किससे था ?

(A) पुस्तक के भाग (B) जनसंख्या के भाग
(C) राजस्व के भाग (D) प्रशासन के भाग

**102.** Who got the book published under the name "Stripurushtulna" ?

(A) Tarabai Shinde (B) Pandita Ramabai
(C) Jyotirao Phule (D) Rashsundari Devi

'स्त्रीपुरुषतुलना' नाम से किताब किसने प्रकाशित करवाई ?

(A) ताराबाई शिंदे (B) पंडिता रमाबाई
(C) ज्योतिराव फुले (D) राशसुंदरी देवी

**103.** When was the parallel government (Prati Sarkar) established in Satara, Maharashtra ?

(A) 1941 (B) 1943
(C) 1945 (D) 1947

महाराष्ट्र के सतारा में समानांतर सरकार (प्रति सरकार) की स्थापना कब की गई ?

(A) 1941 (B) 1943
(C) 1945 (D) 1947

**104.** Which word is not given in Preamble of the Constitution of India ?

(A) Belief (B) Faith
(C) Worship (D) Language

भारत के संविधान की उद्देशिका में कौन सा शब्द नहीं दिया गया है ?

(A) विश्वास (B) धर्म
(C) उपासना (D) भाषा

**105.** When was Street Vendors (Protection of Livelihood and Regulation of Street Vending) Act came in force in India ?

(A) 2010 (B) 2011
(C) 2013 (D) 2014

भारत में पथ विक्रेता (जीविका संरक्षण और पथ विक्रय विनियमन) अधिनियम कब लागू हुआ ?

(A) 2010 (B) 2011
(C) 2013 (D) 2014

**106.** "The Idea of Residual Powers" provision in India is adopted from which Country's constitution ?
(A) British Constitution (B) United States Constitution
(C) French Constitution (D) Canadian Constitution
"अवशिष्ट शक्तियों का सिद्धांत' का प्रावधान भारत में किस देश के संविधान से लिया गया है ?
(A) ब्रिटिश संविधान (B) अमेरिका के संविधान
(C) फ्रांस के संविधान (D) कनाडा के संविधान

**107.** In India after the death of President Fakhruddin Ali Ahmed who acted as President of India ?
(A) B.D. Jatti (B) V.V. Giri
(C) Zail Singh (D) N.S. Reddy
भारत में राष्ट्रपति फखरूद्दीन अली अहमद की मृत्यु के बाद कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में किसने कार्य किया ?
(A) बी.डी. जत्ती (B) वी.वी. गिरी
(C) जैल सिंह (D) एन.एस. रेड्डी

**108.** Which two states have same number of Lok Sabha Constituencies ?
(A) Uttarakhand, Jharkhand (B) Kerala, Karnataka
(C) Andhra Pradesh, Rajasthan (D) Punjab, Odisha
किन दो राज्यों की लोकसभा निर्वाचन-क्षेत्रों की संख्या समान है ?
(A) उत्तराखंड, झारखंड (B) केरल, कर्नाटक
(C) आंध्र प्रदेश, राजस्थान (D) पंजाब, ओडिशा

**109.** Toll free Helpline Number for Children who are in need of care and protection is –
(A) 1095 (B) 1096
(C) 1097 (D) 1098
बच्चों की सुविधा एवं मदद के लिए निःशुल्क हेल्पलाइन नम्बर है –
(A) 1095 (B) 1096
(C) 1097 (D) 1098

**110.** In India which Constitutional Amendment determined the size of the Council of Ministers ?
(A) 81 (B) 91
(C) 101 (D) 102
भारत में किस संविधान संशोधन द्वारा मंत्रिपरिषद् का आकार निर्धारित किया गया ?
(A) 81 (B) 91
(C) 101 (D) 102

**111.** In 1989 which Committee recommended Constitutional recognition for the local government bodies ?
(A) P.K. Thungan Committee (B) B.R. Mehta Committee
(C) Ashok Mehta Committee (D) Sadik Ali Committee
1989 में किस समिति ने स्थानीय शासन के निकायों को संवैधानिक दर्जा प्रदान करने की सिफारिश की ?
(A) पी.के. थुंगन समिति (B) बी.आर. मेहता समिति
(C) अशोक मेहता समिति (D) सादिक अली समिति

**112.** 'Abolition of titles' is a part of which Fundamental Right ?
(A) Right to Equality (B) Right to Freedom
(C) Right Against Exploitation (D) Cultural and Educational Rights
'उपाधियों का अंत' किस मौलिक अधिकार का हिस्सा है ?
(A) समता का अधिकार (B) स्वतंत्रता का अधिकार
(C) शोषण के विरुद्ध अधिकार (D) सांस्कृतिक और शैक्षिक अधिकार

**113.** Identify the correct group of Scheduled languages in the Eighth Schedule of the Constitution of India.

(A) Bengali, English, Sanskrit (B) English, Hindi, Sanskrit
(C) Santhali, Hindi, Sanskrit (D) Gujarati, Marathi, English

भारत के संविधान की आठवीं अनुसूची में अनुसूचित भाषाओं के सही समूह को पहचानें ।

(A) बांग्ला, अंग्रेजी, संस्कृत (B) अंग्रेजी, हिंदी, संस्कृत
(C) संथाली, हिंदी, संस्कृत (D) गुजराती, मराठी, अंग्रेजी

**114.** The circle that divides the day from night on the globe is called –

(A) Circle of illumination (B) Equatorial circle
(C) Elliptical Orbit (D) Summer Solstice

ग्लोब पर वह वृत्त जो दिन एवं रात को विभाजित करता है, कहलाता है –

(A) प्रदीप्ति वृत्त (B) भूमध्यरेखीय वृत्त
(C) दीर्घवृत्ताकार पथ (D) उत्तर अयनांत

**115.** Katabatic winds blows from –

(A) From Valley to Mountain (B) From Mountain to Valley
(C) From Sea to Land (D) From Land to Sea

अवरोही पवनें प्रवाहित होती हैं –

(A) घाटी से पर्वत की तरफ (B) पर्वत से घाटी की तरफ
(C) समुद्र के स्थल की तरफ (D) स्थल से समुद्र की तरफ

**116.** Approximate Extension of the shadow zone of S-wave is –

(A) 105º to 145º (B) 105º to 105º
(C) 145º to 145º (D) 90º to 90º

S–तरंग के छाया क्षेत्र का विस्तार लगभग है –

(A) 105º से 145º (B) 105º से 105º
(C) 145º से 145º (D) 90º से 90º

**117.** On which beach is Kayal located ?

(A) Malabar Coast (B) Konkan Coast
(C) Kathiawar Coast (D) Coromandel Coast

कयाल किस तट पर स्थित है ?

(A) मालाबार तट (B) कोंकण तट
(C) काठियावाड़ तट (D) कोरोमंडल तट

**118.** Batholiths, Lacoliths, Lapolith and Phacolith are related to

(A) Earthquake (B) Volcano
(C) River (D) Gravitational force

बैथोलिथ, लैकोलिथ, लैपोलिथ व फैकोलिथ सम्बन्धित हैं –

(A) भूकम्प से (B) ज्वालामुखी से
(C) नदी से (D) गुरुत्वाकर्षण बल से

**119.** Which statements about the "Faience" are true ?

(I) Faience mines have been found in Mehrgarh.

(II) Faience were found naturally.

(III) A gum was used to shape sand or powdered quartz into an object.

(IV) The objects were then glazed, resulting in a shiny, glassy surface.

(V) Faience was used to make beads, bangles, earring and tiny vessels.

(A) I, II, III (B) II, III, IV

(C) III, IV, V (D) IV, V, I

'फ़ेयॅन्स' के बारे में कौन से कथन पूर्ण सत्य हैं ?

(I) फ़ेयॅन्स की खदानें मेहरगढ़ में मिली हैं।

(II) फ़ेयॅन्स प्राकृतिक तौर पर पाए जाते थे।

(III) बालू या स्फटिक पत्थर के चूर्ण को गोंद में मिलाकर उनसे वस्तुएँ बनाई जाती थीं।

(IV) उसके बाद उन वस्तुओं पर एक चिकनी परत चढाई जाती थी।

(V) फ़ेयॅन्स से मनके, चूड़ियाँ, झुमके और छोटे बर्तन बनाए जाते थे।

(A) I, II, III (B) II, III, IV

(C) III, IV, V (D) IV, V, I

**120.** Which statements are true about Rigvedic period ?

(I) Soma was a plant.

(II) Brahma, Vishnu and Mahesh were the main deities.

(III) Called Sukta or "Well Said".

(IV) Upanishad and Aryanak texts were composed.

(V) Indra was not the god of warrior.

(A) I, III (B) II, IV

(C) IV, V (D) I, V

ऋग्वैदिक काल के विषय में कौन से कथन सत्य हैं ?

(I) सोम एक पौधा था।

(II) ब्रह्मा, विष्णु व महेश प्रमुख देवता थे।

(III) सूक्त का मतलब, अच्छी तरह से बोला गया था।

(IV) उपनिषद् व आरण्यक ग्रंथ रचे गये थे।

(V) इन्द्र युद्ध का प्रमुख देवता नहीं था।

(A) I, III (B) II, IV

(C) IV, V (D) I, V

**121.** Match the following forests and trees :

| | **Forest** | | **Tree** |
|---|---|---|---|
| (1) | Tropical Evergreen | (a) | Spruce |
| (2) | Tropical Deciduous | (b) | Palm |
| (3) | Montane | (c) | Mahogany |
| (4) | Mangrove | (d) | Sal |

| | **(1)** | **(2)** | **(3)** | **(4)** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (d) | (c) | (a) | (b) |
| (B) | (c) | (d) | (b) | (a) |
| (C) | (c) | (d) | (a) | (b) |
| (D) | (a) | (b) | (c) | (d) |

निम्नलिखित वनों एवं वृक्षों को सुमेलित कीजिए :

| | **वन** | | **वृक्ष** |
|---|---|---|---|
| (1) | उष्णकटिबन्धीय सदाबहार | (a) | स्प्रूस |
| (2) | उष्णकटिबन्धीय पर्णपाती | (b) | ताड़ |
| (3) | पर्वतीय | (c) | महोगनी |
| (4) | मैंग्रोव | (d) | साल |

| | **(1)** | **(2)** | **(3)** | **(4)** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (d) | (c) | (a) | (b) |
| (B) | (c) | (d) | (b) | (a) |
| (C) | (c) | (d) | (a) | (b) |
| (D) | (a) | (b) | (c) | (d) |

**122.** Which of the following is a group of Iron ore belts in India ?

(A) Singbhum (Jharkhand), Bailadila (Chhattisgarh), Nellore (Andhra Pradesh)
(B) Kudremukh (Karnataka), Mayurbhanj (Odisha), Bokaro (Jharkhand)
(C) Bokaro (Jharkhand), Bailadila (Chhattisgarh), Mayurbhanj (Odisha)
(D) Mayurbhanj (Odisha), Singbhum (Jharkhand), Bailadila (Chhattisgarh)

निम्नलिखित में से कौन सा भारत में लौह अयस्क पेटियों का समूह है ?

(A) सिंहभूम (झारखंड), बेलाडिला (छत्तीसगढ़), नेल्लोर (आंध्र प्रदेश)
(B) कुद्रेमुख (कर्नाटक), मयूरभंज (ओडिशा), बोकारो (झारखंड)
(C) बोकारो (झारखंड), बेलाडिला (छत्तीसगढ़), मयूरभंज (ओडिशा)
(D) मयूरभंज (ओडिशा), सिंहभूम (झारखंड), बेलाडिला (छत्तीसगढ़)

**123.** In which direction the Aravalli range extends in Rajasthan ?

(A) South-East to North-West (B) North-West to South-East
(C) South-West to North-East (D) North-East to South-West

राजस्थान में अरावली पर्वतमाला किस दिशा में विस्तृत है ?

(A) दक्षिण–पूर्व से उत्तर–पश्चिम (B) उत्तर–पश्चिम से दक्षिण–पूर्व
(C) दक्षिण–पश्चिम से उत्तर–पूर्व (D) उत्तर–पूर्व से दक्षिण–पश्चिम

**124.** Match the following district and climatic regions :

| | **District** | | **Climate region** |
|---|---|---|---|
| (1) | Jaisalmer | (a) | Extreme humid |
| (2) | Jaipur | (b) | Humid |
| (3) | Sawai Madhopur | (c) | Semi-Humid |
| (4) | Jhalawar | (d) | Dry |

| | **(1)** | **(2)** | **(3)** | **(4)** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (c) | (b) | (a) | (d) |
| (B) | (d) | (c) | (a) | (b) |
| (C) | (d) | (b) | (c) | (a) |
| (D) | (d) | (c) | (b) | (a) |

निम्नलिखित जिलों एवं जलवायु प्रदेशों को सुमेलित कीजिए :

| | **जिला** | | **जलवायु प्रदेश** |
|---|---|---|---|
| (1) | जैसलमेर | (a) | अति-आर्द्र |
| (2) | जयपुर | (b) | आर्द्र |
| (3) | सवाई माधोपुर | (c) | उप-आर्द्र |
| (4) | झालावाड़ | (d) | शुष्क |

| | **(1)** | **(2)** | **(3)** | **(4)** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (c) | (b) | (a) | (d) |
| (B) | (d) | (c) | (a) | (b) |
| (C) | (d) | (b) | (c) | (a) |
| (D) | (d) | (c) | (b) | (a) |

**125.** Which of the following are correct statements with reference to district and projects ?

(1) Chittorgarh – Rana Pratap Sagar Dam
(2) Ajmer – Bisalpur Project
(3) Udaipur – Mansi Vakal Project
(4) Pratapgarh – Jakham Project

(A) (1), (3), (4) (B) (1), (2), (3)
(C) (2), (3), (4) (D) (1), (2), (4)

जिला एवं परियोजना के सन्दर्भ में निम्लिखित में से कौन से कथन सही हैं ?

(1) चित्तौड़गढ़ – राणा प्रताप सागर बाँध
(2) अजमेर – बीसलपुर परियोजना
(3) उदयपुर – मानसी वाकल परियोजना
(4) प्रतापगढ़ – जाखम परियोजना

(A) (1), (3), (4) (B) (1), (2), (3)
(C) (2), (3), (4) (D) (1), (2), (4)

**126.** In which Crops Rajasthan is the top producer in India ?

(A) Mustard, Chickpea, Dewgram
(B) Psyllium husk, Cumin, Cluster bean
(C) Chickpea, Green gram, Black gram
(D) Green gram, Maize, Pearl Millet

किन फसलों के उत्पादन में राजस्थान का भारत में प्रथम स्थान है ?

(A) सरसों, चना, मोठ (B) ईसबगोल, जीरा, ज्वार
(C) चना, मूँग, उड़द (D) मूँग, मक्का, बाजरा

**127.** During 2001-2011 Population growth rate of Ganganagar district is –

(A) 10.0 % (B) 16.9 %
(C) 32.5 % (D) 21.3 %

2001 से 2011 अवधि के दौरान गंगानगर जिले की जनसंख्या वृद्धि दर है –

(A) 10.0 % (B) 16.9 %
(C) 32.5 % (D) 21.3 %

**128.** Which ruler of Mewar was given the name of "Vishamghati Panchanan' ?

(A) Rana Hamir (B) Rana Lakha
(C) Rana Kumbha (D) Rana Udai Singh

"विषमघाटी पंचानन" की संज्ञा मेवाड़ के किस शासक को दी गई थी ?

(A) राणा हमीर (B) राणा लाखा
(C) राणा कुंभा (D) राणा उदयसिंह

**129.** Who was the Maharana of Udaipur at the time of revolt of 1857 ?

(A) Jaswant Singh (B) Swaroop Singh
(C) Udai Singh (D) Ratan Singh

1857 की क्रांति के समय उदयपुर के महाराणा कौन थे ?

(A) जसवंतसिंह (B) स्वरूपसिंह
(C) उदयसिंह (D) रतनसिंह

**130.** Where was the third session of "Rajputana Madhya Bharat Sabha" held ?

(A) Nagpur (B) Jaipur
(C) Ajmer (D) Delhi

"राजपूताना मध्य भारत सभा" का तीसरा अधिवेशन कहाँ पर हुआ ?

(A) नागपुर (B) जयपुर
(C) अजमेर (D) दिल्ली

**131.** Who was made the Prime Minister of Greater Rajasthan ?

(A) Haribhau Upadhyay (B) Gokulbhai Bhatt
(C) Hiralal Shastri (D) Tikaram Paliwal

"बृहत् राजस्थान" का प्रधानमंत्री किसे बनाया गया था ?

(A) हरिभाऊ उपाध्याय (B) गोकुलभाई भट्ट
(C) हीरालाल शास्त्री (D) टीकाराम पालीवाल

**132.** Who is known as "Banasur ka Shaheed" ?

(A) Kesari Singh Barahath (B) Major Saitan Singh
(C) Pratap Singh Barahath (D) Havildar Major Piru Singh

"बाणासुर का शहीद" नाम से कौन सा प्रमुख व्यक्ति जाना जाता है ?

(A) केसरीसिंह बारहठ (B) मेजर शैतानसिंह
(C) प्रतापसिंह बारहठ (D) हवलदार मेजर पीरूसिंह

**133.** Who built Churu Fort in 1739 ?

(A) Jaswant Singh (B) Rai Singh
(C) Kalyanmal (D) Thakur Kushal Singh

चुरु दुर्ग का निर्माण 1739 में किसने करवाया ?

(A) जसवंतसिंह (B) रायसिंह
(C) कल्याणमल (D) ठाकुर कुशाल सिंह

**134.** Tulsi, Haalro, Timaniyan and pot ornaments are worn by women in which part of their body ?

(A) Head (B) Neck
(C) Hand (D) Waist

तुलसी, हालरो, तिमणियाँ तथा पोत नामक आभूषण महिलाओं द्वारा शरीर के कौन से भाग पर पहने जाते हैं ?

(A) सिर (B) गला
(C) हाथ (D) कमर

**135.** Which Film has been made on the book "Duvidha" by Vijaydan Detha ?

(A) Mumal, Phulwari (B) Alekhu Hitler
(C) Duvidha, Paheli (D) Uljhan, Suljhan

विजयदान देथा की पुस्तक "दुविधा" पर कौन सी फिल्म का निर्माण हो चुका है ?

(A) मूमल, फुलवारी (B) अलेखू हिटलर
(C) दुविधा, पहेली (D) उलझन, सुलझन

**136.** "Hela Khyal" is a folk theatre from which region of Rajasthan ?

(A) Dausa (B) Bikaner
(C) Sikar (D) Barmer

"हेला ख्याल" नामक लोक नाट्य राजस्थान के कौन से क्षेत्र से संबंधित है ?

(A) दौसा (B) बीकानेर
(C) सीकर (D) बाड़मेर

**137.** What is Patelya, Bichhiyo, Lalar, and Machar ?

(A) Famous songs of Mewar (B) Famous songs of Marwar
(C) Famous songs of Mewat (D) Famous songs of Hadoti

पटेल्या, बीछियो, लालर व माछर क्या हैं ?

(A) मेवाड़ के प्रसिद्ध गीत (B) मारवाड़ के प्रसिद्ध गीत
(C) मेवात के प्रसिद्ध गीत (D) हाड़ौती के प्रसिद्ध गीत

**138.** "Social Science as a general term for all the sciences which are concerned with the human affairs." This is defined by

(A) Seligman (B) Mitchell
(C) Fairchild (D) Peter Lewis

"सामाजिक विज्ञान उन सभी विज्ञानों के लिए एक सामान्य शब्द के रूप में जो मानव मामलों से संबंधित हैं ।" यह परिभाषित किया गया है

(A) सेलीगमेन द्वारा (B) मिशेल द्वारा
(C) फेयरचाइल्ड द्वारा (D) पीटर लेविस द्वारा

**139.** Which of the following is an Audio – Aids ?

(A) Linguaphone (B) Over Head Projector (OHP)
(C) Epidiascope (D) Bulletin Board

निम्न में से कौन सी श्रव्य सामग्री है ?

(A) लिंग्वाफोन (B) ओवरहेड प्रोजेक्टर
(C) चित्र विस्तारक यंत्र (D) बुलेटिन बोर्ड

**140.** Which one is not a type of project method given by Killpatrick ?

(A) Constructive Project (B) Destructive Project
(C) Problematic Project (D) Practice Project

इनमें से कौन सा एक किलपैट्रिक द्वारा दिया गया परियोजना का प्रकार नहीं है ?

(A) रचनात्मक परियोजना (B) विध्वंसक परियोजना
(C) समस्यात्मक परियोजना (D) अभ्यास परियोजना

**141.** Who propounded the linear programmed instruction ?
(A) Norman A. Crowder (B) B.F. Skinner
(C) Thorndike (D) Thomas F. Gilbert
रेखीय अभिक्रमित अनुदेशन का प्रतिपादन किसने किया ?
(A) नॉर्मन ए. क्राउडर (B) बी.एफ. स्कीनर
(C) थॉर्नडाइक (D) थॉमस एफ. गिल्बर्ट

**142.** Which one is not a limitation of assessment ?
(A) Lack of time
(B) More importance to the competition
(C) Conceptual error
(D) Freedom from fear and stressful environment
इनमें कौन सी एक आकलन की सीमा नहीं है ?
(A) समय की कमी (B) प्रतिस्पर्धा को अधिक महत्त्व
(C) संकल्पनात्मक त्रुटि (D) भय एवं तनावपूर्ण परिवेश से मुक्ति

**143.** Which one is not prerequisite of lesson planning ?
(A) Knowledge of subject
(B) Knowledge of learner family background
(C) Knowledge of child psychology
(D) Knowledge of methods and techniques
कौन सी एक पाठ योजना की पूर्वापेक्षा नहीं है ?
(A) विषय का ज्ञान (B) अधिगमकर्ता की पारिवारिक पृष्ठभूमि का ज्ञान
(C) बाल मनोविज्ञान का ज्ञान (D) विधियों (शिक्षण) एवं तकनीकी का ज्ञान

**144.** Which one of the following is correctly matched ?
(A) Socrates – Instruction method
(B) Plato – Questioning method
(C) Herbert Spencer – Dialectic method
(D) Aristotle – Deductive and Inductive method
निम्न में से कौन सा एक सही सुमेलित है ?
(A) सुकरात – निर्देशन विधि
(B) प्लेटो – प्रश्नोत्तर विधि
(C) हरबर्ट स्पेन्सर – संवाद विधि
(D) अरस्तू – आगमन और निगमन विधि

**145.** Which one is not a general objective of teaching of social studies ?
(A) Acquaintance with the environment
(B) Interest in socio-economic institutions
(C) Appreciation of cultural heritage
(D) Appreciation of caste system
कौन सा एक सामाजिक अध्ययन शिक्षण का सामान्य उद्देश्य नहीं है ?
(A) पर्यावरण से परिचित होना (B) सामाजिक–आर्थिक संस्थानों में रुचि
(C) सांस्कृतिक विरासत की सराहना (D) जाति–प्रथा की प्रशंसा

**146.** How many steps are suggested for solving a problem ?

(A) 2 (B) 3
(C) 5 (D) 7

समस्या के समाधान के लिए कितने चरणों का सुझाव दिया गया है ?

(A) 2 (B) 3
(C) 5 (D) 7

**147.** From which layer of the atmosphere do radio waves come back ?

(A) Stratosphere (B) Mesosphere
(C) Ionosphere (D) Exosphere

रेडियो तरंगें वायुमंडल की किस परत से वापस आती हैं ?

(A) समताप मंडल (B) मध्य मंडल
(C) आयन मंडल (D) बाह्य मंडल

**148.** Which of the following cyclone is called water spouts in sea ?

(A) Typhoons (B) Hurricanes
(C) Willy-Willies (D) Tornado

निम्न में से किस चक्रवात को समुद्र पर जल स्तंभ कहते हैं ?

(A) टाइफून (B) हरीकेन
(C) विली–विलीज (D) टोरनेडो

**149.** Which of the following currents are cold currents ?

1. Labrador current 2. Oyashio current
3. Benguela current 4. Alaska current

(A) 1, 2, 4 (B) 1, 2, 3
(C) 2, 3, 4 (D) 1, 3, 4

निम्नलिखित धाराओं में से कौन सी ठंडी धाराएँ हैं ?

1. लैब्राडोर धारा 2. ओयाशिवो धारा
3. बैंगुएला धारा 4. अलास्का धारा

(A) 1, 2, 4 (B) 1, 2, 3
(C) 2, 3, 4 (D) 1, 3, 4

**150.** During the time of perigee the tidal range is –

(A) Equal to normal (B) Less than normal
(C) Greater than normal (D) None of these

उपभू के समय ज्वारीय क्रम होता है –

(A) सामान्य के बराबर (B) सामान्य से कम
(C) सामान्य से अधिक (D) इनमें से कोई नहीं

## Space For Rough Work / कच्चे कार्य के लिए स्थान

# Space For Rough Work / कच्चे कार्य के लिए स्थान

## Space For Rough Work / कच्चे कार्य के लिए स्थान

## Space For Rough Work / कच्चे कार्य के लिए स्थान

DO NOT WRITE HERE

PL-2/Sh-2

# INSTRUCTIONS / निर्देश

## (Read carefully and comply / ध्यान से पढ़ें और पालन करें)

## IMPORTANT / महत्त्वपूर्ण

1. In Section II (Language-I) a candidate has to attempt the questions of the language which the candidate has selected as Language-I in the Online Application Form.
खण्ड II (भाषा I) में उसी भाषा के प्रश्नों को हल करना अनिवार्य है जिस भाषा का चयन अभ्यर्थी ने भाषा I के रूप में ऑनलाइन आवेदन-पत्र में किया है ।
2. In Section III (Language-II) a candidate has to attempt the questions of the language which the candidate has selected as Language-II in the Online Application Form. The Language-II will be different from Language-I.
खण्ड III (भाषा-II) में उसी भाषा के प्रश्नों को हल करना अनिवार्य है जिस भाषा का चयन अभ्यर्थी ने भाषा-II के रूप में ऑनलाइन आवेदन-पत्र में किया है । भाषा-II भाषा-I से भिन्न होगी ।
3. **The candidate must ensure that the Question Booklet Series Code and Shift No. has been filled correctly at the prescribed place in the OMR Answer Sheet. Your OMR Answer Sheet will be evaluated on the basis of Question Booklet Series Code and Shift No., not Question Booklet Number.**
**अभ्यर्थी सुनिश्चित करें कि OMR शीट में निर्धारित स्थान पर प्रश्न-पुस्तिका सीरीज कोड एवं शिफ्ट क्रं. सही भरा है । आपकी OMR शीट का मूल्यांकन प्रश्न-पुस्तिका क्रमांक पर नहीं बल्कि प्रश्न-पुस्तिका सीरीज कोड एवं शिफ्ट क्रं. के आधार पर किया जायेगा ।**
4. The candidate has to answer of that subject in Section (IV a) Mathematics and Science **or** (IV b) Social Studies as selected by the candidate in the Online Applicaton Form.
If a candidate answers the questions of the language or subject other than selected in the Online Application Form, the candidate shall be personally responsible for it and it would be treated as wrong.
अभ्यर्थी को इस प्रश्न-पत्र के खण्ड (IV a) गणित एवं विज्ञान या (IV b) सामाजिक अध्ययन में उसी विषय के प्रश्नों को हल करना है, जिस विषय का चयन अभ्यर्थी ने ऑनलाइन आवेदन-पत्र में किया है ।
यदि अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन-पत्र में चयनित भाषा या विषय के प्रश्नों को हल न करके अन्य विषय के प्रश्नों को हल करता है तो वह अभ्यर्थी की स्वयं की जिम्मेदारी होगी तथा गलत माना जायेगा ।

1. Read complete instructions carefully and fill the details from Sl. No. 1 to 7 in the **OMR** Answer Sheet and Sl. No. 1 to 4 in the Question Booklet. If you fail to fill the details and sign as instructed correctly, you will be personally responsible for the consequences arising during scanning of your **OMR** Answer Sheet.
निर्देशों को पूर्ण रूप से ध्यानपूर्वक पढ़ें और क्रमांक 1 से 7 तक **OMR** शीट एवं क्रमांक 1 से 4 तक प्रश्न-पुस्तिका (बुकलेट) को भरें । यदि आप गलत तरीके से विवरण भरते या हस्ताक्षर करते हैं तो **OMR** शीट की स्केनिंग के फलस्वरूप होने वाले परिणामों के प्रति आप स्वयं उत्तरदायी होंगे ।
2. The Question Booklet comprises 96 pages having 150 questions. After being instructed to open the Booklet, only then the candidates will open the Question Booklet seals. Check whether the Booklet contains 150 questions starting from Page No. 3 to 90. The Shift Number required in OMR Sheet will be as per admit card issued to the candidate and also mentioned on the top of the Question Booklet.
प्रश्न-पुस्तिका में 96 पृष्ठ एवं 150 प्रश्न हैं । परीक्षार्थी निर्देश दिये जाने के उपरान्त ही प्रश्न-पुस्तिका की सील खोलेंगे । यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पुस्तिका में 150 प्रश्न हैं जो कि पृष्ठ संख्या 3 से प्रारम्भ होकर 90 तक हैं । **OMR** शीट पर शिफ्ट नम्बर अभ्यर्थी को जारी किये गये प्रवेश-पत्र के अनुसार अंकित करना है एवं जो प्रश्न-पुस्तिका के ऊपरी भाग पर भी अंकित किया हुआ है ।
3. **All questions are of MCQ (Multiple Choice Question) type**. There is only one correct answer to each question carrying **one** mark. **There will be no negative marking for wrong answers.**
**सभी प्रश्न बहुविकल्पीय प्रकार के हैं ।** प्रत्येक प्रश्न का एक विकल्प ही सही है । प्रत्येक प्रश्न के लिये निर्धारित अंक **एक** है । **गलत जवाब के लिये ऋणात्मक अंक नहीं दिये जायेंगे ।**
4. **All questions other than language questions of Sections II and III shall be bilingual.**
**प्रश्न-पत्र के भाषा सम्बन्धित खण्ड II एवं III के प्रश्नों के अतिरिक्त शेष सभी खण्डों के प्रश्न द्विभाषीय होंगे ।**
5. In any event of any mistake in any question/s, candidates will not be penalized. However no corrections will be made in question/s during the examination.
किसी प्रश्न में किसी त्रुटि के लिये परीक्षार्थी को किसी प्रकार का नुकसान नहीं होगा । परीक्षा की अवधि में प्रश्नों में किसी प्रकार का संशोधन नहीं करवाया जायेगा ।
6. Rough work, if any, may be done in the Question Booklet only in the space provided at the end of the Booklet. Do not tear it off from the Question Booklet. No additional paper shall be provided.
किसी प्रकार के रफ कार्य हेतु प्रश्न-पुस्तिका के अन्त में जगह दी गयी है । इसे प्रश्न-पुस्तिका से नहीं फाडें । किसी प्रकार का अतिरिक्त कागज़ उपलब्ध नहीं करवाया जायेगा ।
7. Use of Log tables, Calculator, Slide rule, Mobile phone, Pager, Digital diary, Bluetooth, Microphone or any other electronic item/instrument etc. is not allowed. Their use will result in disqualification.
लॉग टेबल, कैल्क्युलेटर, स्लाईड रूल, मोबाइल फोन, पेजर, डिजीटल डायरी, ब्ल्यूटूथ, माइक्रोफोन या किसी अन्य प्रकार का इलेक्ट्रोनिक उपकरण / वस्तु का प्रयोग वर्जित है । इनके उपयोग पर परीक्षा से अयोग्य घोषित किया जा सकता है ।
8. **OMR** Answer Sheet will be provided along with Question Booklet separately.
**OMR** शीट प्रश्न-पुस्तिका के साथ अतिरिक्त प्रदान की जायेगी ।
9. The Question Booklet will be issued to the candidates 10 minutes before the start of examination and the candidate must fill all entries in OMR Answer Sheet. The Question Booklet seal shall be opened 5 minutes before the start of examination and the candidate must fill 1 to 4 entries correctly on the Question Booklet. After opening the Question Booklet, ensure that any page / question is not missing / not printed / torn / repeated. In case, you find any defect anywhere in the Question Booklet, immediately inform the Invigilator and get it replaced within 5 minutes by the Invigilator. Warning Bell will ring at 5 minutes before closer of examination and the last long bell will ring at closer of examination.
अभ्यर्थी को प्रश्न-पुस्तिका परीक्षा आरम्भ होने के 10 मिनट पूर्व दी जावेगी । अभ्यर्थी आवश्यक रूप से **OMR** शीट में सभी प्रविष्टियों को सही प्रकार से भरे । प्रश्न-पुस्तिका की सील परीक्षा आरम्भ के 5 मिनट पूर्व खोले तथा क्रम संख्या 1 से 4 की प्रविष्टियों को सही प्रकार से भरे । प्रश्न-पुस्तिका खोलने के पश्चात परीक्षार्थी तत्काल यह सुनिश्चित करें कि उसमें निर्धारित समस्त पृष्ठ है / कोई प्रश्न छूटा तो नहीं है / छपाई पूर्ण है / कागज फटा तो नहीं है या कोई पृष्ठ दुबारा जुड़ गया है । यदि प्रश्न-पुस्तिका में इस प्रकार की कोई त्रुटि पाई जाती है तो तत्काल वीक्षक को सूचित करें तथा 5 मिनट के भीतर वीक्षक से अपनी प्रश्न-पुस्तिका बदलवा ले । चेतावनी घंटी परीक्षा समाप्ति के 5 मिनट पूर्व बजेगी एवं अन्तिम लम्बी घंटी परीक्षा समाप्ति पर बजेगी ।
10. Write your Name, Exam Center Code, Signature, Roll No., Question Booklet Series Code, Shift Number and Question Paper Booklet Number in the space provided in the Question Booklet as well as in the **OMR** Answer Sheet.
प्रश्न-पुस्तिका एवं **OMR** शीट पर निर्धारित स्थान पर नाम, परीक्षा केन्द्र का कोड, हस्ताक्षर, नामांक, प्रश्न-पुस्तिका सीरीज कोड, शिफ्ट क्रमांक एवं प्रश्न पुस्तिका क्रमांक अंकित करें ।
11. With each question you will find 4 possible answers marked by the letters A, B, C & D. Read each question carefully and find out which answer, according to you is correct. Indicate your answer by darkening the appropriate circle completely in the **OMR** Answer Sheet corresponding to the question. For marking answers use blue/black ballpoint pen only. **Gel pens/pencils are not allowed.**
प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर A, B, C व D में दिये गये हैं । प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढें व सही उत्तर का चयन कर उसके उत्तर को **OMR** शीट में सम्बन्धित प्रश्न क्रमांक के समक्ष उचित गोले को गहरा कर इंगित करें । उत्तरों को दर्शाने के लिये नीले या काले बॉल प्वाइंट पेन का ही उपयोग करें । **जेल पेन या पेन्सिल का उपयोग वर्जित है ।**

Correct Method : सही तरीका : CORRECT / सही ○ ○ ○ ●

Wrong Method : गलत तरीका : WRONG / गलत ⊠ ○ ○ ○ | WRONG / गलत ○ ✓ ○ ○ | WRONG / गलत ○ ○ ◐ ○ | WRONG / गलत ○ ● ○ ●

12. **OMR** Answer Sheet is designed for computer evaluation. If you do not follow the instructions given above and at the backside of the **OMR** Answer Sheet, it may make evaluation by computer difficult. Any resultant loss to the candidate on the above account shall be of the candidate only.
**OMR** शीट को कम्प्यूटर द्वारा मूल्यांकन के लिये बनाया गया है । यदि आप उपर्युक्त एवं **OMR** शीट के पिछले पृष्ठ पर दिये गये निर्देशों का पालन नहीं करते, तो कम्प्यूटर द्वारा आपका मूल्यांकन कठिन हो जायेगा । इस कारण से परीक्षार्थी को होने वाले नुकसान की जिम्मेदारी उसकी स्वयं की होगी ।
13. No candidate should leave the examination hall before the final bell. The OMR Answer Sheet is carbonless in duplicate having perforation on the left side. Candidate should detach carefully the Original Copy from the Candidate's Copy (Duplicate) so that the Original Copy is not mutilated in any way. Candidate should handover the Original OMR Copy and Question Booklet to the invigilator before leaving the examination hall. **Candidate can carry only the Candidate's OMR copy with him/her. Question Booklet is not allowed to be taken by the candidate.**
कोई परीक्षार्थी अन्तिम घंटी बजने के पूर्व परीक्षा कक्ष से बाहर नहीं जा सकेगा । **OMR** शीट कार्बन रहित तथा अनुलिपि सहित है उसके बायीं तरफ परफोरेशन किया हुआ है । अभ्यर्थी सावधानी से अभ्यर्थी की प्रति (अनुलिपि) से मूल प्रति को ऐसे अलग करें ताकि किसी भी तरीके से मूल प्रति को कोई हानि न पहुंचे । परीक्षा-कक्ष छोड़ने के पूर्व अभ्यर्थी **OMR** की मूल प्रति एवं प्रश्न-पुस्तिका वीक्षक को सौंप दे । **अभ्यर्थी केवल अपनी OMR की प्रति ही अपने साथ ले जा सकेंगे। प्रश्न-पुस्तिका अभ्यर्थी अपने साथ नहीं ले जा सकेंगे ।**

PL-2/Sh-2